आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

## सर्वदलीय बैठक

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर केंद सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी जाएगी। दलगत राजनीति से हटकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया है। इससे पहले, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी दलों ने सरकार की हर संभावित कार्रवाई का समर्थन किया था।

## मुख्यमंत्री

ऑपरेशन सिंदूर के बाद हिमाचल प्रदेश में भी सुरक्षा–व्यवस्था बढ़ा दी गई है। हिमाचल के साथ लगते तिब्बत बार्डर से लेकर जम्मू–कश्मीर–पंजाब से सटी प्रदेश की सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। राज्य के प्रमुख बिजली प्रोजेक्टों, बांधों, भीड़ वाले इलाकों खासतौर पर प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कल शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न प्रबन्धों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में स्कूलों को बंद या खुला रखने को लेकर उपायुक्तों को स्थिति के अनुसार फैसला लेने के लिए अधिकृत किया गया है।

## मॉक ड्रिल

इसी कड़ी में गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के 2 सौ 44 जिलों सहित शिमला जिले में कल ऑपरेशन अभ्यास मॉक ड्रिल आयोजित की गई जिसमें उपायुक्त परिसर और संजौली बहुमंजिला पार्किंग को प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया। सांय 4 बजे सायरन बजाकर इस आपातकाल की सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर सिविल डिफेंस सहित अन्य सुरक्षा व राहत बचाव दल मौके पर पहुंचा और लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

हवाई सेवा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एयरस्पेस पर प्रतिबंधों के कारण 300 से ज्यादा घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। श्रीनगर और अमृतसर सहित देश के 25 हवाई अड्ड़ों को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। वहीं हिमाचल में भी तीनों हवाई अड्डे बंद करने के साथ सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। 10 मई तक शिमला, कुल्लू और कांगड़ा एयरपोर्ट नागरिक उड़ानों के लिए बंद रहेंगे।

रैडक्रॉस

आज विश्व रैडक्रॉस दिवस है। इस वर्ष का विषय–मानवता को जीवित रखना है, जो हमें यह संदेश देता है कि जरूरतमंदों और पीड़ितों की मदद करना न केवल एक सामाजिक दायित्व है, बल्कि हमारी मानवीय संवेदना का प्रमाण भी है। इस दौरान प्रदेश भर में अनेक जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। वहीं क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रक्तदार शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इधर, राजभवन में रेडक्रॉस दिवस की पूर्व संध्या पर कल राज्य रैडक्रॉस सोसायटी और हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों व पदाधिकारियों ने राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल को रेडक्रॉस फलैग लगाए। इस दौरान राज्यपाल ने सोसायटी द्वारा वैश्विक स्तर पर किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन पीड़ित मानवता के लिए आशा की किरण है।

आईपीएल–क्रिकेट

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। ये मैच धर्मशाला स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। अंक तालिका में पंजाब किंग्स तीसरे और दिल्ली कैपिटल्स पांचवें स्थान पर है। शीर्ष चार स्थानों पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। बीती रात किन्नौर जिला में बारिश हुई है। राज्य में पिछले कुछ दिनों के दौरान कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि, आंधी और अंधड़ से कृषि और बागवानी को व्यापक नुकसान हुआ है और इससे प्रदेश भर में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले तीन दिन तक प्रदेश के कई ज़िलों में अंधड व आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है।

नमस्कार